विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कुलपति खफा

■ यूटीयू के कुलपति ने किया बीएसएम कालेज का औचक निरीक्षण

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को रूड़की स्थित बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था को देख कर नाराजगी जताई।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान कुलपति को विभिन्न कक्षाओं में महज नौ छात्र-छात्राएं ही उपस्थित मिले, जबकि एकेडमिक सत्र गत 16 अगस्त से शुरू हो चुका है और दिसम्बर सेमेस्टर परीक्षाएं प्रस्तावित है। कक्षाओं की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कुलपति ने संस्थान के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। निरीक्षण में शिक्षकों से उपस्थिति पंजिका में भी अनियमितताएं मिली जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिये गये। साथ ही निर्धारित टाइम-टेबल के अनुरूप कक्षाओं का संचालन करने का निर्देश दिया।